# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 19.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना खेसरहा कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम दुबाई में दिव्यांगजन/वरिष्ठ नागरिकों के साथ संवाद स्थापित कर किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व सुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण अनुप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में व कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) के चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 19.08.2026 को थाना क्षेत्र के ग्राम दुबाई मे जनसंवाद एवम गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी के दौरान 70 वर्ष से अधिक बुजुर्ग नागरिको के साथ बैठकर उनकी समस्याओ एव कुशलक्षेम के सम्बन्ध मे जानकारी प्राप्त की गयी उपस्थित ग्रामीणो द्वारा बताया गया कि उन्हे वृद्धावस्था पेशन का लाभ नियमित रूप से मिल रहा है और किसी प्रकार की अन्य कोई समस्या नही प्रकट किये उपस्थित लोगो को सीपीयू टीम का नम्बर उपलब्ध कराया गया।

**कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) टीम थाना खेसरहा-**

1.उ0नि0 वीरेंद्र सिंह

2.हे0का0 राहुल सिंह

3.म0का0 विनीता सिंह

## प्रेस नोट दिनांक 19.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना त्रिलोकपुर कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थानाक्षेत्र के ग्राम बभनी में दिव्यांगजन/वरिष्ठ नागरिकों के साथ संवाद स्थापित कर किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण हरे कृष्ण उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में व कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) के चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 19.08.2026 को थाना त्रिलोकपुर थानाक्षेत्र के ग्राम- बभनी चौराहा में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान लगभग 70 वर्षीय *05 बुजुर्ग नागरिक सहित ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।

आज दिनांक 19.08.2026 को सम्पर्क किये गये भिखारियों/लावारिस/बेसहारा बच्चों की संख्या -01
सहायता प्राप्त करायें गये भिखारियों/लावारिस/ बेसहारा बच्चों की संख्या -01

ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना त्रिलोकपुर-**
01.उ0नि0 गणेश कुमार
02.रि0का0 आनन्द कुमार
03. रि0म0आ0 महिला आरक्षी रुचि

# प्रेस नोट दिनांक 19.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना कपिलवस्तु कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के विभिन्न स्थानों में दिव्यांगजन/लावारिस/बेसहारा बच्चों/भिखारियों के साथ संवाद स्थापित कर किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण एवं विनय प्रताप सिंह थानाध्यक्ष कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में व कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) के चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 19/08/2026 को थाना कपिलवस्तु, जनपद सिद्धार्थनगर के क्षेत्र भ्रमण में सार्वजनिक स्थलों जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान बेसहारा/भिखारियों से समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे भीकार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) टीम थाना कपिलवस्तु**

01.उ0नि0 सुमेर यादव

02.आ0 राहुल आशीष

03.आ0 राहुल शर्मा

04म0आ0 सुषमा वर्मा

## प्रेस नोट दिनांक 19.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना भवानीगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम कनुआ में महिलाओं/ बालिकाओं को महिला/साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 19.08.2026 थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम कनुआ में महिलाओं/ बालिकाओं को बहू बेटी सम्मेलन व साइबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती है के बारे में अवगत कराया गया, सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत महिलाओं को महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन- 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर-**

01. उ0नि0 शिवप्रकाश शुक्ला
02. हे0का0 संजय यादव
03. का0 राजकुमार राय
04. म0का0 किरन यादव
05. रि0म0का0 निहारिका सिंह

## प्रेस नोट दिनांक 19.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 19.08.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया गया। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 19.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के साथ गोष्ठी की गई तथा सभी आरक्षियों को उनके कर्तव्यों, उत्तरदायित्वों एवं पुलिस सेवा के मूल सिद्धांतों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा आज दिनांक 19.08.2026 को पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के साथ गोष्ठी की गई। गोष्ठी के दौरान महोदय ने सभी आरक्षियों को पुलिस सेवा के मूल सिद्धांतों, कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों के बारे में विस्तृत जानकारी दी । साथ ही उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण के महत्व को समझाते हुए जनता के साथ शालीनता, अनुशासन एवं संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करने के निर्देश दिए। महोदय ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान को फील्ड में ईमानदारी और निष्ठा के साथ लागू करें, जिससे जनपद में कानून व्यवस्था और पुलिस की छवि और बेहतर हो सके । इस अवसर पर प्रशिक्षण अधिकारी व अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# प्रेस नोट दिनांक 19.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना जोगिया उदयपुर साइबर पुलिस टीम द्वारा साइबर फ्रॉड से सम्बंधित धनराशि ₹3500- रुपये को MRM पोर्टल के माध्यम से पीड़ित के खाते मे कराया गया वापस।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में साइबर अपराध एवं साइबर क्राइम रिकवरी/लीन हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व शुबेन्दु सिंह, क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण में एवं थानाध्यक्ष अभय सिंह, थाना जोगिया उदयपुर के नेतृत्व में दिनांक- 07.10.2025 को आवेदक राजकुमार पुत्र बीपत निवासी कटहना थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर के द्वारा एनसीआपी पोर्टल के माध्यम से शिकायत संख्या- 23110250157267 के माध्यम से वित्तीय फ्राड होनें का शिकायत किया गया था। जिस पर थाना जोगिया उदयपुर साइबर सेल टीम द्वारा बैंक के समन्वय से दिनांक 18/08/2026 को उपरोक्त फ्राड धनराशि ₹3500/- को MRM Portal के माध्यम से आवेदक राजकुमार के खाते में वापस कराया गया।

**सराहनीय कार्य करने वाली साइबर टीम का विवरण**

1.थानाध्यक्ष अभय सिंह थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर

2. उ0नि0 नरेन्द्र मणि गुप्ता थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर

3.हे0का0 भुआल यादव थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर

4.का0 अजीत यादव साइबर सेल थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर

5.का0 मृत्युन्जय गुप्ता साइबर सेल थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर

**<u>प्रेस नोट दिनांक 19.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर</u>**

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना पथरा बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम- खोरिया में बहू-बेटी सम्मेलन व साइबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर महिलाओं/ बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 19.08.2026 थानाध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्र थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थानाक्षेत्र के ग्राम- खोरिया में महिलाओं/ बालिकाओं को बहू बेटी सम्मेलन व साइबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.उ0नि0 ज्ञान सिंह
2.का0 सुदामा यादव
3.म0आ0 सोनी यादव

## प्रेस नोट दिनांक 19.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना लोटन मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के सरस्वती शिशु मन्दिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय लोटन में बहू-बेटी सम्मेलन व साइबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 19.08.2026 थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थानाक्षेत्र के **सरस्वती शिशु मन्दिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय लोटन मे** बालिकाओं को बहू बेटी सम्मेलन व साइबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व  सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**प्रेस नोट दिनांक 19.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना कपिलवस्तु मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम अलीगढ़वा में बहू-बेटी सम्मेलन व साइबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 19.08.2026 थानाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थानाक्षेत्र के ग्राम अलीगढ़वा में महिलाओं/बालिकाओं को बहू बेटी सम्मेलन व साइबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व  सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन,  108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई ।

**प्रेस नोट दिनांक 19.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना शिवनगर डिडई मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय डिड़ई में बहू-बेटी सम्मेलन व साइबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व सुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 19.08.2026 थानाध्यक्ष बृजेश सिंह थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थानाक्षेत्र के **के प्राथमिक विद्यालय डिड़ई में** महिलाओं/बालिकाओं को बहू बेटी सम्मेलन व साइबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व  सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन,  108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

# प्रेस नोट दिनांक 19.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के किसान इन्टर कालेज ग्राम सिकटा में बहू-बेटी सम्मेलन व साइबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया I**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 19.08.2026 प्रभारी निरीक्षक त्रिलोकपुर हरेकृष्ण उपाध्याय जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थानाक्षेत्र के **किसान इन्टर कालेज ग्राम सिकटा में** बालिकाओं को बहू बेटी सम्मेलन व साइबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

# <u>प्रेस नोट दिनांक 19.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर</u>

**◆“आपरेशन कन्विक्शन” के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना त्रिलोकपुर पुलिस की प्रभावी पैरवी से मार-पीट के आरोपी को न्यायालय उठने तक की सजा व कुल ₹2,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे “आपरेशन कन्विक्शन” के क्रम में डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में दिनांक 18-08-2026 को वाद सं0 68/15 मुअसं0-62/15 धारा 323,506 भादवि0 थाना त्रिलोकपुर मे पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री धर्मेन्द्र कुमार भारती, न्यायालय जेएम बांसी जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा अभियुक्त पतरकी उर्फ रजिया बेगम पत्नी छक्कन निवासी मड़िला मिश्र थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर को न्यायालय उठने तक की सजा व कुल ₹2,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक संदीप सिंह तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी रजनीकान्त मिश्रा थाना त्रिलोकपुर का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रेस नोट दिनांक 19.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना पथरा बाजार कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम खोरीया रघुवीर सिंह में दिव्यांगजन/लावारिस/बेसहारा बच्चों/भिखारियों के साथ संवाद स्थापित कर किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण एवं ओमप्रकाश मिश्र थानाध्यक्ष पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में व कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) के चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 19/08/2026 को थाना पथरा बाजार, जनपद सिद्धार्थनगर के ग्राम खोरीया रघुवीर सिंह में सार्वजनिक स्थलों जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान बेसहारा/भिखारियों से समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे भीकार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) टीम थाना पथरा बाजार----**

01.उ0नि0 ज्ञान प्रताप सिंह

02.का0 सुदामा यादव

03.म0 का0 सोनी यादव

# प्रेस नोट दिनांक 19.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ **“आपरेशन कन्विक्शन” के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना सिद्धार्थनगर पुलिस की प्रभावी पैरवी से गैर इरादतन हत्या के 03 आरोपियो को 10 वर्ष के कठोर कारावास व कुल ₹23,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे “आपरेशन कन्विक्शन” के क्रम में डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में आज दिनांक 19-08-2026 को वाद सं0 93/2019 मु0असं0-154/2019 धारा 304,308,323,325,504 भादवि0 थाना सिद्धार्थनगर मे पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री अजय कुमार श्रीवास्तव, न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा अभियुक्तगण 01.मो0 इस्माइल 02.अजमतुल्लाह पुत्रगण मो0 रिजवान 03.तौफीक अहमद पुत्र मो0 जुबेर निवासीगण बर्डपुर नं0-12 टोला पिछौरा थाना व जनपद सिद्धार्थनगर को को 10 वर्ष के कठोर कारावास व कुल ₹23,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक राजेश कुमार त्रिपाठी तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी दुर्गेश गुप्ता थाना सिद्धार्थनगर का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रेस नोट दिनांक 19.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**स्वतंत्रता दिवस-2026 के अवसर पर प्राप्त सिद्धार्थनगर पुलिस के 01 अधिकारी को 'डीजीपी प्रशंसा चिह्न-रजत' से सम्मानित किया गया।**

जनपद सिद्धार्थनगर पुलिस के लिए यह अत्यंत गौरव का क्षण है। स्वतंत्रता दिवस-2026 के अवसर पर प्राप्त पुलिस सेवा में सराहनीय एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए जनपद सिद्धार्थनगर के निरीक्षक श्री अरविन्द कुमार शाही प्रभारी डायल-112 को प्रतिष्ठित 'पुलिस महानिदेशक प्रशंसा चिह्न-रजत' से सम्मानित किया गया है। आज दिनांक 19-08-2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय पर उपरोक्त अधिकारी को मेडल पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक श्री राजीव कृष्णा द्वारा उपरोक्त अधिकारी को उनके अनुकरणीय कार्य, कर्तव्यनिष्ठा और देशसेवा के प्रति समर्पण के लिए इस सम्मान से सम्मानित किया गया है।

यह उपलब्धि न केवल संबंधित अधिकारियों की कड़ी मेहनत और ईमानदारी का प्रतिफल है, बल्कि संपूर्ण सिद्धार्थनगर पुलिस परिवार के मनोबल को बढ़ाने वाली है। सिद्धार्थनगर पुलिस इनके इस अभूतपूर्व सम्मान के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देती है।

## प्रेस नोट दिनांक 19.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**थाना शिवनगर डिडई पुलिस द्वारा 02 नफर वारण्टीगण को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बांसी श्री सुबेंदु सिंह के कुशल पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष श्री बृजेश सिंह थाना शिवनगर डिडई के कुशल नेतृत्व में चलाये जा रहे वारण्टी की गिरफ्तारी अभियान मे थाना स्थानीय से 02 व्यक्ति को अन्तर्गत वाद संख्या 939/13 धारा 323, 325, 504 भादवि माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट बांसी में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार वारंटीगण का विवरण---**

01.राजेन्दर पुत्र रामपियारे निवासीगण धवर थाना शिवनगर डीडई जनपद सिद्धार्थ नगर डिडई

02.विरेन्दर पुत्र रामपियारे निवासीगण धवर थाना शिवनगर डीडई जनपद सिद्धार्थ नगर डिडई

**गिरफ्तार करने वाली टीम विवरण**

1.उ0नि0 श्री सुरेन्द्र चन्द थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनर

2.का0 शनि कुमार यादव थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनर

3.का0 अनुराग पटेल थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनर

## प्रेस नोट दिनांक 19.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**थानाध्यक्ष गोल्हौरा द्वारा मय पुलिस टीम के साथ थाना परिसर में थानाक्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, धर्मगुरुओं, प्रधानो के साथ पीस कमेटी की गोष्ठी की गयी ।**

आज दिनांक 19.08.2026 को थानाध्यक्ष गोल्हौरा महोदय की अध्यक्षता में थाना परिसर में पीस कमेटी की गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, धर्मगुरुओं, प्रधानों, व्यापारी बंधुओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान थानाध्यक्ष महोदय द्वारा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने, आपसी सौहार्द व भाईचारा बनाए रखने तथा अफवाहों पर ध्यान न देने हेतु उपस्थित लोगों से अपील की गई। साथ ही संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु की सूचना तत्काल पुलिस को देने एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूक रहने के संबंध में भी बताया गया।पीस कमेटी के सदस्यों द्वारा भी पुलिस प्रशासन को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 19.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थानाध्यक्ष शिवनगर डिडई द्वारा मय पुलिस टीम के साथ थाना परिसर में थानाक्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, धर्मगुरुओं, प्रधानो के साथ पीस कमेटी की गोष्ठी की गयी ।**

आज दिनांक 19.08.2026 को थानाध्यक्ष शिवनगर डिडई की अध्यक्षता में थाना परिसर में पीस कमेटी की गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, धर्मगुरुओं, प्रधानों, व्यापारी बंधुओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान थानाध्यक्ष महोदय द्वारा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने, आपसी सौहार्द व भाईचारा बनाए रखने तथा अफवाहों पर ध्यान न देने हेतु उपस्थित लोगों से अपील की गई। साथ ही संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु की सूचना तत्काल पुलिस को देने एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूक रहने के संबंध में भी बताया गया।पीस कमेटी के सदस्यों द्वारा भी पुलिस प्रशासन को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 19.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में फ्लैग मार्च/पैदल गस्त किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 19.08.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में फ्लैग मार्च/पैदल गश्त किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।

## प्रेस नोट दिनांक 19.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ उपजिलाधिकारी बांसी व क्षेत्राधिकारी बांसी द्वारा आगामी त्यौहार बारावफात के दृष्टिगत थानाक्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों, मौलवी/धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की गोष्ठी की गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में, उपजिलाधिकारी बांसी व क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेन्दु सिंह की अध्यक्षता में आज दिनांक 19.08.2026 को थाना बांसी पर थाना क्षेत्र के मौलवी/धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत व्यक्तियों, की उपस्थिति में आगामी त्यौहार बारावफात को सकुशल व सौहार्दपूर्ण मनाने हेतु थाना बांसी पर पीस कमेटी की गोष्ठी की गयी तथा सभी से वार्ता कर उच्च-अधिकारीगण व शासन से प्राप्त आदेशों -निर्देशों से अवगत कराते हुए आगामी त्यौहार को सकुशल सम्पन्न करने हेतु अपील की गयी। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक बांसी मृत्युंजय पाठक व पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी /कर्मचारीगण मौजूद रहे।